देश की क्रम और तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख सहित
11.10.19		

न्यायालय, अपर समाहर्त्ता–सह–आर्बिट्रेटर, धनबाद

आर्बिट्रेशन केश नं0–33/2019

सुधा झा –वनाम्– भारतीय राष्ट्रीय उच्च पथ प्रधिकरण एवं अन्य

दावेदार के आवेदन के आलोक में निरसा अंचल अन्तर्गत मौजा–मेढ़ा, थाना नं0–251, खाता नं0–78, प्लॉट नं0–106, 107, रकवा–0.0825 एकड़ (08¼ डी0) भूमि का अधिग्रहण राष्ट्रीय उच्च पथ–2 के 6 लेन चौड़ीकरण हेतु किये जाने के दौरान जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, धनबाद द्वारा अर्जित भूमि एवं उसपर निर्मित संरचनाओं के वास्तविक क्षेत्रफल के आधार पर उचित मुआवजा का भुगतान नहीं किये जाने के निर्णय से क्षुब्ध होकर मध्यस्थम विधि के तहत उचित मुआवजा का भुगतान हेतु यह वाद प्रारंभ किया गया।

आवेदक के आवेदन पत्र तथा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर पक्ष प्रस्तुत कर बताया गया कि अर्जित भूमि एवं संरचनाओं का मात्र 6,34,996.00 रू0 भुगतान किया गया है, जो तैयार पंचाट में दिया गया मूल्यांकन दर मान्य नहीं है। भूखण्ड मुख्य सड़क के किनारे अवस्थित है तथा इसका मूल्य प्रथम अधिसूचना जारी करने के समय भी स्थानीय बाजार भाव में 2,00,000.00 (दो लाख) रू0 प्रति डी0 था। आवेदक द्वारा उचित मूल्यांकन कर व्याज सहित भुगतान करने का अनुरोध किया गया है।

इस कार्यालय का पत्रांक–1918/रा0, दिनांक–13.06.2019 के द्वारा प्रस्तुत पक्ष के आलोक में अंचल अधिकारी, निरसा से जॉच कराया गया। जॉचोपरान्त अपने पत्रांक–695, दिनांक–01.07.19 के द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि:– प्रश्नगत् भूमि आवासीय मकान–मय सहन है, व्यवसायिक नहीं किया जाता है तथा वर्त्तमान स्थिति भी मकान–मय सहन है।

NHAI के प्राधिकृत अधिवक्ता द्वारा उपस्थित होकर लिखित रूप से वाद को Not Maintainable बताकर अस्वीकृत/निरस्त करने का अनुरोध किया गया है तथा अर्जित भूमि/संरचना का मुआवजा राशि नियमानुसार गणना कर सही भुगतान किया गया है।

अतः पक्षों को सुनने एवं कागजातों के अवलोकनोपरान्त मैं पाता हूँ कि वास्तविकता की जाँच आवश्यक है। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी/NHAI वास्ताविकता की जाँच करते हुए निर्धारित दर पर अर्जित भूमि एवं उसपर अवस्थित संरचनाओं का पुर्नमूल्यांकन कर मुआवजा राशि यदि आवेदक को देय हो तो नियमानुसार भुगतान करना सुनिश्चित करें। तदनुसार वाद की अग्रेत्तर कार्रवाई समाप्त की जाती है।

11/10/19

अपर समाहर्त्ता
–सह–
आर्बिट्रेटर धनबाद।

लेखापित एवं संशोधित।

11/10/19

अपर समाहर्त्ता
–सह–
आर्बिट्रेटर धनबाद।

Scanned with CamScanner